दिनांक 09.11.2012 को नेपाल हाउस के सभागार में प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में आहुत, सुवर्णरेखा परियोजना की बैठक की कार्यवाही :–

बैठक में उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति परिशिष्ट–I में संलग्न है ।

एजेन्डा के अनुसार बैठक में लिए गये निर्णय की कार्यवाही निम्न प्रकार है ।

(1) **Review on Physical & Financial Progress Report :-**

i) मुख्य अभियंता, चांडिल कॉम्पलेक्स एवं ईचा–गालूडीह कॉम्पलेक्स द्वारा प्रस्तुत भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन की समीक्षा की गई । समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, चांडिल को चांडिल बाँयी मुख्य नहर (CLMC) के 0 से 113 कि०मी० तक मुख्य नहर के सभी बाधाओं को दूर करते हुए जुलाई 2013 तक निश्चित रूप से जल प्रवाह शुरू करने का निदेश दिया गया। 113 कि०मी० पर प्रस्तावित रेल–पुल के निर्माण के लिए रेलवे पदाधिकारियों से लगातार सम्पर्क बनाये रखनें पर बल दिया गया।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, चांडिल कॉम्पलेक्स, आदित्यपुर, जमशेदपुर)

ii) चांडिल बांयी मुख्य नहर के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 78 के बीच जो वितरणी/लघु वितरणी निकलते हैं और वह NH-33 को cross करता है, इसके लिए NHAI के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर यथाशीघ्र C.D. बनाने हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(कार्रवाई :– प्रशासक सुर्वरेखा बहुद्देय परियोजना/मुख्य अभियंता, ईचा–गालूडीह कॉम्पलेक्स, आदित्यपुर, जमशेदपुर)

iii) गालूडीह बाँया मुख्य नहर के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 7 तक की निविदा 22.11.2012 तक किये जाने का आश्वासन मुख्य मुख्य अभियंता, चांडिल कॉम्लपेक्स के द्वारा दिया गया।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, चांडिल कॉम्पलेक्स, आदित्यपुर, जमशेदपुर)

(2) **Status of Utilization Certificate and Road map for Obtaining 2nd instalment of AIBP Fund :-**

Utilization Certificate एवं राशि की माँग हेतु निर्धारित प्रपत्र में मांग पत्र प्रशासक के माध्यम से 30.11.2012 तक निश्चित रूप से विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(3) **Road map for Survey / DPR Preparation / Tenders:-**

परियोजना के निश्चित अवधि पूर्ण करनें के लिए शेष बचे संरचना/नहर का अनुसंधान प्रतिवेदन/विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन इत्यादि को तैयार करना आवश्यक है। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि Outsourcing Agency के माध्यम से इस कार्य को पूर्ण कराई जाय। इस संबंध में श्री योगानान्द मिश्र, परामर्षी–II द्वारा Agency चयन में समंचित सहयोग का आश्वासन दिया गया है।

चांडिल दाँया नहर के क्रियान्वयन हेतु पंचम पुनरीक्षित प्राक्कलन में राशि नहीं होने के कारण इस पर अभी सर्वे एवं डी०पी०आर० की कार्रवाई नहीं करने का निदेश मुख्य अभियंता, चांडिल कॉम्पलेक्स को प्रधान सचिव के द्वारा दिया गया।

(4) **Status of Design of different Structures:-**

चांडिल के 0–113 कि०मी० को जुलाई तक सभी रूप से पूर्ण करनें के लिए प्रधान सचिव के पृच्छा दौराना मुख्य अभियंता चांडिल द्वारा सूचित किया गया कि 13.30 एवं 55.96 कि०मी० पर प्रस्तावित Escape

संरचना के यथाशीघ्र रूपांकण करनें की आवश्यकता है। इस संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि कि०मी० 13.30 एवं 55.96 पर प्रस्तावित एस्केप चैनेल के रूपांकण के लिए मुख्य अभियंता रूपांकण द्वारा कतिपय पृच्छा की गई है। पृच्छा का उत्तर मुख्य अभियंता को भेजा जा रहा है। प्रधान सचिव द्वारा अधीक्षण अभियंता नहर एवं नहर संरचना रूपांकण अंचल, राँची को निदेश दिया कि दिनांक–19.11.2012 तक स्केप चैनेल का रूपांकण निश्चित रूप से पूर्ण की जाय। कार्यहित में रूपांकण संगठन द्वारा सर्वप्रथम Specification Drawing तैयार करे जिससे कि क्षेत्रीय अभियंता प्राक्कलन तैयार कर निविदा आमंत्रित करनें की कार्यवाही शुरू कर सके। तदोपरान्त Working drawing तैयार की जाय।

(5) **Land Acquitision :-**

बैठक में उपस्थित श्रीमति रंजना मिश्रा, भु–अर्जन पदाधिकारी आदित्यपुर द्वारा सूचित किया गया कि गालूडीह बायाँ मुख्य नहर के 7 से 15 कि०मी० तक भु–अर्जन का कार्य प्रगति पर है।

(कार्रवाई – भू–अर्जन पदाधिकारी, आदित्यपुर, जमशेदपुर)

वनभूमि अपयोजन के लिये दिये गये गैर–वनभूमि का Pillaring कार्य दो महीने के अन्दर बिना किसी शिथिलता के पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, चांडिल/ईचा–गालूडीह कॉम्पलेक्स, आदित्यपुर, जमशेदपुर)

(6) **Status of Tender / Invited /Deceasion in process / Decided CLMC :-**

समीक्षा के दौरान मुख्य अभियंता, चाडिल द्वारा सूचित किया गया कि CLMC के 78 Km – 113 Km के बीच कुल 18 अदद् वितरणी /लघु वितरणी प्रस्तावित है। इनमें से कुल 16 अदद् वितरणी की निविदा आमंत्रित की जा चुकी है एवं दो अदद् वितरणी की निविदा दिनांक–31.12.2012 तक आमंत्रित कर दी जायेगी। बैठक में 0–78 कि०मी० (CLMC) के बीच निसृत होनें वाली सभी वितरणी, लघु वितरणी/जलवाहा की निविदा दिनांक– 30.11.2012 तक आमंत्रित करने का निदेश दिया गया। मुख्य अभियंता, चांडिल द्वारा दिनांक–22.11.2012 तक Galudih Left Canal के 0–7 कि०मी० तक के कार्य की निविदा आंमत्रित करने की सूचना दी गई। प्रधान सचिव द्वारा दस दिनों के अन्दर उनके अधीन पड़ने वाली कुल छब्बीस अदद् ग्रामो के लिए नवसृजित पुनवार्स स्थल की निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।

(7) **Fund Allotments:-**

बैठक मे दोनों मुख्य अभियांताओ को अवंटित निधि एंवं व्यय की समीक्षा की गई। प्रशासक द्वारा पुनरीक्षित वार्षिक कार्यक्रम एवं तदनुसार Fund Re-allocation हेतु अनुरोध किया गया है। विशेष सचिव द्वारा सूचित किया गया कि उनके द्वारा पूर्व से अधियाचित 6.54 करोड़ रूपये यथाशीघ्र आवंटित की जा रही है एवं Fund Reallocation का कार्य भी दिनांक–22.11.2012 तक पूर्ण कर दी जायेगी।

(8) **Power to be delegated to Administrator:-**

बैठक मे प्रशासक द्वारा सूचित किया गया कि पूर्व में प्रशासक को प्रदत्त वित्तीय/प्रशासनिक शक्ति सरकार द्वारा विलोपित किये गये है जिसके कारण उन्हें त्वरित गति से परियोजना कार्यन्वयन करने मे कठिनाई हो रही है। विशेष सचिव द्वारा सूचित किया गया कि उनके द्वारा इस संबंध मे प्रेषित पत्र पर विभाग गम्भीरता से विचार कर रहा है एवं विभाग

द्वारा समूचित दिशा निदेश यथाशीघ्र दी जायेगी। वार्त्ता के क्रम में, सुवर्ण रेखा परियोजना के अधीन कनीय एवं सहायक अभियंता के रिक्त पदों को भरनें के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। प्रशासक द्वारा समर्पित Contractual Basis पर नियुक्ति करने संबंधित प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से मानते हुए उनके XLRI के माध्यम से नियूक्ति प्रक्रिया करनें संबंधी ठोस प्रस्ताव तैयार करने का दिनेश दिया गया। इस संबंध में प्रधान सचिव द्वारा वर्त्तमान में, I I M, Ranchi द्वारा इस प्रकार के कार्य के लिए की गई प्रक्रिया के लिए सम्पर्क स्थापित करनें का भी सुझाव दिया गया।

(कार्रवाई – प्रशासक, सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना)

ह०/–
(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता (मो०)

पत्रांक–1/पी०एम०सी०/विविध/352/08–1000/राँची, **दिनांक –**

प्रतिलिपि :– प्रशासक, सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना, आदित्युपर, जमशेदपुर/श्री एन० के० राय, परामर्शी–I, जल संसाधन विभाग, राँची/अभियंता प्रमुख–I & II, जल संसाधन विभाग, राँची के निजी सहायक/मुख्य अभियंता, सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना, चांडिल/ईचा–गालूडीह कम्पलेक्स/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/संयुक्त सचिव (प्र०), जल संसाधन विभाग, राँची/संयुक्त सचिव (अभि०), जल संसाधन विभाग, राँची/सचिव प्रावैधिक प्रशासक कार्यालय, सुवर्णरेखा परियोजना, आदित्यपुर, जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता (मो०)

पत्रांक–1/पी०एम०सी०/विविध/352/08–1000/राँची, 1516 **दिनांक –** 31·12·2012

प्रतिलिपि :– वेब मैनेजर, जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषत।

31.XII.2012
(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता (मो०)